14 क्रियाविशेषण

पाठ–योजना

पाठ का उद्देश्य

- क्रियाविशेषण शब्दों के बारे में समझाना।
- क्रियाविशेषण शब्दों की पहचान कराना।
- इसके भेदों के नाम जानना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल .फोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व–ज्ञान

- बदलाव का क्या अर्थ है?
- क्रिया में परिवर्तन संबंधी उदाहरण दीजिए।
- क्या संज्ञा शब्दों में बदलाव होता है?
- ऐसे शब्द कौन–से हैं जिनमें कोई परिवर्तन नहीं आता?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - 'अविकारी' शब्द का अर्थ बताना।
  - जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रियाविशेषण कहते हैं।
  - क्रिया शब्दों की पहचान के लिए क्रिया पर 'कब', 'कहाँ', 'कैसे' तथा 'कितना' शब्दों से प्रश्न करना चाहिए।
  - क्रियाविशेषण के चार भेद होते हैं–कालवाचक, स्थानवाचक, रीतिवाचक तथा परिमाणवाचक।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।
- क्रियाओं की विशेषताओं का अभिनय करवाना।